Mr. Deputy-Speaker: I shall take it up later. Mr. Bhargava is not here. The hon. Minister said he is engaged in the other House. Therefore, I will take it up later.

Shri B. S. Murthy (Eluru): May I know, Sir, when it will be taken up?

Mr. Deputy-Speaker: As soon as this important work is over. Now, General Discussion will start regarding the PEPSU Budget.

Shrimati Sucheta Kripalani (New Delhi): Before you start, we would like to know when you are likely to take up Mr. Bhargava's motion.

Mr. Deputy-Speaker: At the end of the day.

Dr. S. P. Mookerjee (Calcutta South-East): May be tomorrow morning, after Question Hour.

Mr. Deputy-Speaker: I will say some time later.

P.E.P.S.U. BUDGET—GENERAL DISCUSSION

Mr. Deputy-Speaker: Now, the General Discussion will take place on the PEPSU Budget. Hon. Members are aware that fifteen minutes is the time allotted normally to every hon. Member except possibly the leaders of groups who may be given five minutes more if they want to intervene, or other spokesmen on behalf of their groups. I will allow first persons coming from PEPSU to speak.

Shri Bansal (Jhajjar-Rewari): I come from an area which is on the border of PEPSU, Sir. (*Interruption*).

Mr. Deputy-Speaker: I find this kind of difficulty arising every time so far as the Chair is concerned. I wish hon. Members also have the same experience. Those hon. Members who are intimately connected with a particular subject do not get up. They wait till opportunities are given to the others, and at the last moment they say that they come from PEPSU. What is it I can do in such circumstances? I am placed in a very embarrassing position from time to time, and therefore, unless hon. Members who come from that area and who are interested in the subject, start first, I will not give them opportunity later on, and there is no good quarrelling with me that I am calling others. Of course, every Member of Parliament is interested, but Members coming from PEPSU are naturally more interested. Therefore, hon. Members from PEPSU may start, and they need not wait till others have spoken. They will be given fifteen minutes each.

Shri Chinaria: And he can speak in English for the benefit of others.

Shri Bansal: On a point of order, Sir,

Hon. Members: No point of order.

श्री चिनारिया (महेन्द्रगढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप का कृतज्ञ हूं कि मुझे सब से पहले इस मौके पर अवसर दिया ।

पेप्सू बी० क्लास स्टेट है और उसका बजट आज डिस्कस किया जा रहा है । आंकड़ों से और हिसाब-किताब से तो मैं हमेशा घबराता रहा हूं लेकिन यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि पैसा है और लाखों आदमियों के खून पसीने की कमाई का पैसा है और उस की मेरे ऊपर कुछ जिम्मेदारी है । मेरे ऊपर उन लाखों आदमियों की जिम्मेदारी है जिनका पैसा खर्च हो रहा है । इसलिए इस के अन्दर पड़ने में घबराते हुए भी मुझे इस को स्टडी करना पड़ा और मुझे इस के लिये कुछ कहना भी है । लेकिन कुछ कहने से पहले में मंत्री महोदय को बधाई देता हूं कि जहां तक आंकड़ों का ताल्लुक है वहां तक सब ठीक है और जब आंकड़े आ गये हैं तो पैसा भी वह देंगे ही । लेकिन कई बातें और हैं जिन की बाबत मुझे कहना है जो कि इस तमाम बात में रुकावटें होंगी ।

पैप्सू एक छोटी सी रियासत है जिस की ३५ लाख आबादी है और दस हजार मुरब्बा मील जिस का क्षेत्रफल है, ६४ लाख एकड़ जमीन है । खैर, मैं इस बात में नहीं जाना चाहता कि यह ठीक है या गलत । आज तो बजट पर ही बातचीत करनी है । इस की आमदनी सन् १९५१–५२ में कोई साढ़े चार करोड़ के लगभग थी, यह एस्टीमेट था, लेकिन ऐक्चुअल आमदनी ६ करोड़ हो गई । सन् १९५२–५३ में पांच करोड़ का एस्टीमेट

था और आमदनी सवा ६ करोड़ तक हो गई, और इस साल ६ करोड़ ३४ लाख का अन्दाजा है और घाटे का बजट है। ६८ लाख का घाटा दिखाया है। लेकिन मैं समझता हूं कि पिछले सालों को देखते हुए इस साल भी इतनी बढ़ोतरी हो जायगी कि घाटा नहीं रहेगा। खैर, अगर घाटा भी रहे तो मैं तो एक किसान के घर में पैदा हुआ हूं जिस के आगे हमेशा घाटा चलता है। इसलिए मेरे बड़े घर पैप्सू में भी घाटा चले तो कोई परवाह नहीं। देखना तो यह है कि लोगों का काम ठीक से चलता है या नहीं। अब इस में भी मुझे तसल्ली है। जहां तक बजट का ताल्लुक है सोशल सरविसेज के लिए इस सात करोड़ में से १.७२ करोड़, यानी पौने दो करोड़ के करीब रखा गया है।

दूसरी तरफ़ एक और भी सन्तोष की बात है कि डैवलैपमैंट सरविसेज के लिए, एग्रीकल्चर, इंडस्ट्री, इन सब बातों के लिए भी सवा दो करोड़ रुपये रखे गये हैं। लेकिन इस में एक चीज़ है कि जितनी रक़म इन दोनों पर मिल कर बनती है उतनी ही सिक्योरिटी सरविसेज और एडमिनिस्ट्रेशन पर भी लगा दी गई है। हम लोग यह उम्मीद करते थे कि आठ रियासतें मिली हैं तो उस से कोई न कोई सरविसेज म, एडमिनिस्ट्रेशन में बचत होगी। लेकिन बजाय बचत के वह सारे आदमी और सारा अमला इंटीग्रेट हो गया और उस के बाद भी कितने ही आदमी घुसेड़ दिये गये। आज बजाय इस के कि एडमिनिस्ट्रेशन का खर्च कुछ कम होता, यूनियन बना देने से खर्च बढ़ा है। तो जहां एक तरफ़ सन्तोष है कि डैवलैपमैंट के लिये और दूसरी युटीलिटी सरविसेज के लिए काफ़ी रक़म रखी गई है वहां एडमिनिस्ट्रेशन का इतना अधिक खर्च है कि उस में काफ़ी कमी की गुंजायश है।

आमदनी को देखते हुए एक बात खास तौर से दिखाई देती है। पैप्सू बजट में और पैप्सू स्टेट में ४० फी सदी हिस्सा आबकारी से आता है और ३० फी सदी शराब से आता है। जब कि हिन्दुस्तान में चारों तरफ़ आबकारी और शराब की कमी की गई, प्रोहीबीशन के ज़रिये और पाबन्दी लगा कर, तब उन्हीं दिनों पैप्सू के अन्दर शराब खुले आम बिकती है और उस ने अपनी आमदनी ८७ फी सदी शराब में बढ़ाई है। जब ऐसी हालत हो तो मैं नहीं समझता कि क्या हाल होगा। "जैसा खाये अन्न, वैसा हो जाय मन", तो जो शराब से पलेंगे वह कैसे अच्छा काम करेंगे। इसी तरह से पैप्सू में जहां एक तरफ़ से उस के घर पर अकाली साम्प्रदायिक विष की बेल छाई हुई हो और जिस को रजवाड़ाशाही का सहारा दिया गया हो और जिस की अफीम से और शराब से सिंचाई होती हो, वह बेल ज़हर नहीं उगलेगी, जहर का फल नहीं उस पर लगेगा तो इस से और ज़्यादा अच्छी क्या उम्मीद की जा सकती है। "बोये पेड़ बबूल के तो आम कहां से खाय", यह चीज़ पैप्सू पर बिल्कुल ठीक साबित होती है।

एक माननीय सदस्य : महाराजा फरीदकोट।

श्री चिनारिया : हां, महाराजा फ़रीदकोट भी बहुत अच्छे हैं, जैसे पहले होते थे महाराजा पटियाला वैसे ही वे भी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं। उसी थैली के महाराजा फरीदकोट भी हैं। अगर महाराजा पटियाला से भी हम लड़ते रहे हैं तो महाराजा फरीदकोट से भी लड़ते रहेंगे। और हमें तो अफसोस होता है कि राजप्रमुख को इस के बीच में क्यों लाया जाता है। मैं नहीं कहना चाहता। अभी आप ने यह मामला छेड़ दिया तो मैं आप से कहूं कि हम किसी भी राजप्रमुख के खिलाफ़ नहीं हैं। व्यक्तिगत रूप से उन के खिलाफ़ नहीं हैं। मैं तो यहां तक कहने के लिये तैयार हूं कि हमारे नेताओं पर मैं खुदगरजी का इल्जाम लगा दूं तो वह बेजा नहीं होगा,

[श्री चिनारिया]

क्योंकि उन्होंने अपने दुश्मन को हिन्दुस्तान से निकाल दिया, इम्पीरियलिज्म को हिन्दुस्तान से बाहर निकाल दिया, तब जा कर चैन लिया। लेकिन हमारे यहां जो फ्यूडल सिस्टम था, उस को हम अपनी स्टेट्स में कैसे बरदाश्त करें।

श्री अलगू राय शास्त्री (जिला आजमगढ़—पूर्व व जिला बलिया—पश्चिम) : वह भी निकाले जावेंगे।

श्री चिनारिया : इसलिए हर 'बी' पार्ट स्टेट के आदमी के दिल में जरूर यह विचार होता है कि जब तक उन के यहां से, पार्ट 'बी' स्टेट्स से रजवाड़ाशाही खत्म नहीं होती, जब तक उन के यहां से वह फ्यूडल सिस्टम खत्म नहीं होता जिस तरह से कि इस मुल्क से इम्पीरियलिज्म खत्म हुआ, तब तक आप लाखों करोड़ों रुपये खर्च करिये, कितना ही अच्छा बजट बनाइये, हालत ठीक नहीं होगी, नहीं होगी और बिल्कुल नहीं होगी। यह ख्याल सिर्फ मेरा ही नहीं है बल्कि 'बी' क्लास स्टेट के हर एक बच्चे बच्चे का है। कोई उस को उगल देता है और कोई चुपका बैठा है। लेकिन हर एक के दिल के अन्दर यही ख्याल है और दिल में जो चीज जोर करती है उस का असर होता ही है, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों, लेकिन बहरहाल आप को यह मानना ही पड़ेगा।

बजट के अच्छा होते हुए और रुपया बहुत लगाते हुए भी हमें कई शंकायें हैं कि यह ठीक जगह रुपया पहुंचेगा या नहीं और ठीक से काम होगा या नहीं। अव्वल तो इस को इम्प्लीमेंट करने वाली सरविसेज हैं। सरविसेज के अन्दर कई एक खामियां हैं जो कि रुपया लगाने में बाधा डालती हैं और पया लगाने में पूरा फायदा भी नहीं पहुंचने देतीं। अव्वल तो वहां सरविसेज के अन्दर करप्शन है। शायद वह सारे हिन्दुस्तान में होगा, लेकिन इस वक्त तो मुझे अपने घर की देखनी है और मैं समझता हूं कि शायद नजदीक से ज्यादा दिखाई देती हो, लेकिन जितना करप्शन पैप्सू के अन्दर है, उतना शायद और किसी स्टेट में न हो। हालत यहां तक है कि काग़ज़ एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर ले जाने के लिये पैसे खर्च करने पड़ते हैं। एक क्लर्क से दूसरे क्लर्क तक और दूसरे क्लर्क से तीसरे क्लर्क तक पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अगर आप पैसे खर्च नहीं करेंगे तो आपका काम नहीं बनेगा। हालत यहां तक है कि काग़ज़ जाने ही नहीं पाता और ऐसी नजीरें मौजूद हैं कि पैसा आप नहीं देते तो काग़ज़ आपके सामने ही फाड़ कर फेंक दिया जाता है। तो जहां यह हालत हो वहां काम कैसे हो सकता है। खाली रुपया खर्च कर के ही आसमान में नहीं पहुंच जाते। इसलिये आप को पहले सरविसेज को ठीक करना होगा।

दूसरी बात यह है कि सरविसेज म इनऐफीशियेंसी है। उन को मुल्क का इतना ख्याल नहीं है जितना कि तनख्वाह का ख्याल है और तनख्वाह से भी ज्यादा ख्याल रिश्वत का है। फिर वह कैसे काम कर सकते हैं और ऐफीशियेंट रह सकते हैं। एक बात और भी है। साम्प्रदायिकता वैसे तो सरविसेज में सब जगह है, चाहे वह हिन्दू साम्प्रदायिकता हो या किसी शक्ल की हो, लेकिन पैप्सू के अन्दर साम्प्रदायिकता सब से ज्यादा है। और रजवाड़ेशाही ने अपने को क़ायम रखने के लिए उस को और बढ़ावा दिया और अपने आदमी उन्होंने रखे, अपने लड़के रखे, अपने बच्चे रखे। और इस में हालत यहां तक है कि वहां साम्प्रदायिकता ही नहीं है बल्कि टैरीटोरियलिज्म भी है। आठ रियासतें थीं, सब से बड़ी उन में पटियाला थी। जब इंटीग्रेशन होने लगा तो पटियाला को सब से अच्छा दरजा दि-ा

गया। हर एक जगह पटियाला के आदमी को प्रिफर किया गया। इस में मैं यह नहीं कहता कि सिक्ख को प्रिफ़र किया बल्कि उस शख्स को प्रिफर किया जो कि उस फ्यूडल सिस्टम को ज्यादा ताकत पहुंचा सके। इसलिये तमाम की तमाम सरविसेज में ऐसे आदमी भरे पड़े हैं जिन में शुरू से आखिर तक साम्प्रदायिकता भरी हुई है।

● इसलिए मैं कहता हूं कि यह रुपया ठीक तरह से खर्च नहीं होगा। अभी मैं एक मिसाल देता हूं। लाखों रुपये एग्रीकल्चर के लिए सबसिडी के लिए दिये गये। आप उन के आंकड़े देखें कि किस जगह और किस किस को दिये गये। वह इलाक़ा जिस को हमेशा के लिए कोलोनी समझा गया, वहां एक पैसा भी नहीं दिया गया। उस को हिन्दी एरिया कहिये या हिन्दू एरिया कहिये। मैं नहीं चाहता कि इस मामले में मैं पड़ूं। लेकिन आप फिगर्स देखिये कि सबसिडी के तरीक़े से और और भी जितनी तरह की चीजें हैं उन में से कितनी रक़म हिन्दी एरिया को दी गई और कितनी पंजाबी एरिया को दी गई। इसीलिए तो हिन्दी एरिया चाहता है कि पैप्सू से वह अलग हो जाय। इतना ही नहीं, म कितनी ही मिसालें और बता सकता हूं। एक कुएं के लिए पौने नौ सौ रुपये की सबसिडी दी जाती है। लेकिन मेरे इलाक़े में पानी बहुत गहरा है। एक कुएं के लिए वहां पांच हजार रुपये खर्च होते हैं। तो वहां तो यह सबसिडी दी नहीं जाती और जिस एरिया में नौ सौ या एक हजार रुपये में कुआं बन जाता है उस एरिया में यह पौने नौ सौ रुपये की सबसिडी दी जाती है। जहां क़हतसाली है, जहां पीने तक के लिए पानी नहीं, वहां यह सबसिडी नहीं दी जाती है। फिर इस सबसिडी की हालत क्या है कि २५ से ५० रुपये तक तो पटवारी को देने पड़ते हैं, कोई नक़शा वग़ैरह बनाने के लिए, फिर ग्रीकल्चर के सब इंस्पैक्टर के पास पहुंचन पर २५/५० रुपये देने पड़ते हैं। और शायद इंस्पैक्टर साहब १००/२०० रुपये मांगे। एग्रीकल्चर के डाइरैक्टर तो बड़े अफसर हैं, उन की नहीं कहता, मगर वहां तक पहुंचने में शायद ही कोई ऐसा हो कि जिस को तीन चार सौ रुपये तक न खर्च करने पड़ें और तब जा कर उसके चार सौ पांच सौ रुपये पल्ले पड़ते हैं। तो यह तो उस वाली बात हुई कि पहले जूती का इनाम मांगे और फिर उन में पांव दे। तो इसलिए हालत यह है कि जिन्होंने कुएं क़तई नहीं लगवाये वह सबसिडी लेते हैं, क्योंकि दो सौ तीन सौ वही दे सकते हैं जिन को कुछ खर्च नहीं करना है। वरना जिन को वाक़ई में खर्च करना है वह इतना खर्च कर के ६०० रुपये या पौने नौ सौ रुपये ले कर क्य करें।

इसी तरह से ट्रैक्टर के बारे में हालत है। पांच सात हजार की रक़म पाने के लिए वही खर्च कर सकता है जिस के पास इतना रुपया खर्च करने को हो। इसलिए यह उन को नहीं मिलता जिन को वाक़ई में ज़रूरत है बल्कि उन को मिलता है जिन के पास लाखों रुपये हैं और जो पहले ही काफ़ी रुपया लगा कर ट्रैक्टर वग़ैरह रखे हुए हैं। उन्हीं को यह ट्रैक्टर के लिये भी रुपया मिलता है। इसलिए महज़ पैसा देने से ही काम नहीं चल सकता, इसी से तरक्क़ी नहीं हो सकती। बल्कि पैसा कहां और कैसे खर्च होता है इस को देखने से असली तरक्क़ी होगी।

अभी पांच साला प्लान में भी भाखरा डाम पर ३५ करोड़ रुपया पैप्सू की तरफ़ से खर्च ही रहा है, लाखों एकड़ ज़मीन उस से सैराब होगी, बड़ी अच्छी बात है, लेकिन जिस इलाक़े को पानी की ज़रूरत है, साठ फी सदी ज़मीन पर पानी नहीं आता है और हिन्दी एरिया के अन्दर महेन्द्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट के अन्दर साठ फी सदी के बजाय ९९ फी सदी

[श्री चिनारिया]

में पानी नहीं आता है वहां भाखरा का पानी नहीं आयेगा।

वह पानी पटियाला से निकलता हुआ जाखल, सरसा होते हुए हनुमानगढ़ तक तो पहुंच जायेगा लेकिन दादरी की तरफ़ नहीं आ सकता, जहां कि ८४ हज़ार एकड़ ज़मीन सर्वे हो चुकी है। वहां की ज़मीन निहायत ज़रखेज़ है और वह सोना उगले अगर उस जगह भाखरा का पानी पहुंच जाय। वहां तक पानी नहीं पहुंचता, इसलिए कि पटियाला में रहने वाले आदमियों को उस इलाक़े का ख्याल नहीं, वह महज़ उस को एक कोलोनी समझते हैं जैसे कि अंग्रेज़ हिन्दुस्तान को अपनी कोलोनी समझते थे, आज महेन्द्रगढ़ की हालत बिल्कुल उसी तरह है....

Mr. Deputy-Speaker: He has already taken five minutes more.

श्री चिनारिया : श्रीमान्, आप मुझे पांच मिनट का समय और देने की कृपा करें और इस पैप्सू के मामले में मुझे इधर की पार्टी का लीडर समझ लिया जाय और इस नाते कुछ और अतिरिक्त समय दिया जाय। पैप्सू के अलावा दूसरे मामलों में तो लीडर बनने वाले बहुत हैं, इसलिए थोड़ी देर के लिए इस पेप्सू के मामले में मुझे लीडर समझ लीजिए।

Mr. Deputy-Speaker: No, no.

श्री अलग राय शास्त्री : पांच मिनट का समय दे दीजिए, ताकि यह अपनी बात खत्म कर सकें।

उपाध्यक्ष महोदय : आप बोलिए, लेकिन जल्दी खत्म कीजिए।

श्री चिनारिया : खैर, अभी और बहुत सी काम की बातें बतलाने को हैं और जब अब मुझे इजाजत मिल गयी है तो मैं थोड़ा-सा उन की बाबत ज़िक्र करूंगा। मैं आपको बतला रहा था कि भाखरा का पानी उस इलाक़े में जहां पानी की ज़रूरत थी, जहां क़तई पानी नहीं है, और ९९ परसेंट इलाक़ा रेनफैड है, उस जगह नहीं जाता, दूसरी जगह जाता है। मैं उस रास्ते को तो नहीं बदल सकता, लेकिन मैं आप को दूसरे रास्ते बतलाता हूं जिस से उस इलाक़े में जहां पानी की ज़रूरत है, आ सकता है, उस इलाके के अन्दर नरवाना ब्रांच का पानी जहां लगता है उस जगह भाखरा का पानी आ जायेगा। वह पानी बच कर आयेगा और इलाक़ा दादरी के लिये काम आ सकता है। दूसरे एक और भी चीज की जा सकती है कि जगाधरी और कर्नाल के वाटर लौग्ड एरिया में जो २२५ ट्यूबवेल लगाये जा रहे हैं, वही पानी इलाक़े दादरी में आकर इलाक़े दादरी और महेन्द्रगढ़ एरिया को जो डेफिसिट एरिया है सैराब और सेल्फ सफिशियेन्ट बना सकते हैं, लेकिन अगर वह भी काफ़ी न रहे, तो मैं एक दूसरी चीज़ आपके सामने रखता हूं कि जगाधरी कर्नाल एरिया के साथ ही लगता हुआ सफ़ीदों पैप्सू का वाटर लौग्ड एरिया भी वैसा ही है जिस में पानी ऊपर आया हुआ है। उस जगह २५, ३० या ५० जितने भी ट्यूबवेल लगाये जायें और वह पानी नहर जमना में वेस्टर्न जमना में डाला जा सकता है, इतना पानी बढ़ा कर ८४ हज़ार एकड़ ज़मीन को पानी देना मुश्किल नहीं है, सिर्फ ज़रा ख्याल करने की ज़रूरत है। यहां पैप्सू के सेक्रेटरीज भी बैठे हुए हैं। उनकी मैं इस तरफ़ तवज्जह दिलाता हूं, फाइनेंस मिनिस्टर और स्टेट मिनिस्टर की मार्फ़त तवज्जह दिलाना चाहता हूं कि उस इलाक़े का ख्याल करके आप वहां पानी दें।

इसके अलावा कम्युनिटी प्राजेक्ट्स का सवाल बहुत बड़ा है और इन की बाबत प्लानिंग मिनिस्टर ने हमेशा से यह पालिसी

फौलो की कि जो पालिसी गवर्नमेन्ट आफ इंडिया फौलो करती आती थी कि जो पहले से अच्छा है उसको और अच्छा कर दो और मरते हुए को मरने दो। मेरे सवाल पर उन्होंने जवाब दिया था कि कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स सारे के सारे ऐसी जगह हैं जहां कि पानी खूब है, क्योंकि उन्हें जल्दी से जल्दी पैदावार बढ़ाना आवश्यक है। लेकिन सच पूछिए तो जरूरत इन प्राजेक्ट्स की वहां है जहां पानी नहीं है। मरते तो वह लोग हैं, आपके पास अनाज ज्यादा भी हो जाये तो वह खरीदेंगे कहां से, क्योंकि उनके पास आमदनी के कोई साधन तो हैं नहीं। आप कम्युनिटी प्राजेक्ट्स ऐसी जगह करें जहां पानी नहीं है ताकि उन को पानी मयस्सर हो सके जिस से वह अपनी पैदावार कर सकें। उन जगहों पर हर तीसरे साल क़हत पड़ता है और वहां कोई लोगों के पास उद्योग धंधा करने को नहीं है। उनके लिए नई २ चीजों को करने के लिए कम्युनिटी प्राजेक्ट्स चाहिएं। यह तमाम के तमाम कम्युनिटी प्राजेक्ट्स उन जगहों पर करने चाहिएं जहां पर आबपाशी नहीं होती है और जहां क़हत ज्यादा पड़ते हैं और जहां खुश्क-साली रहती है। लेकिन होता इस के बिल्कुल बरअक्स है, एक भी जगह ऐसी नहीं जहां कि मुकम्मिल खुश्क इलाक़े में कोई कम्युनिटी प्राजेक्ट उन्होंने जारी किया हो। पिछले दिनों इंडियन कौंसिल आफ़ एग्रीकल्चर रिसर्च में मैंने एक रेजोल्यूशन रक्खा था और उसको उन्होंने मेहरबानी फ़रमा कर युनैनीमस्ली पास भी कर दिया। लेकिन उस रेजोल्यूशन का इम्पलीमेंटेशन मैं अब तक होता नहीं देख रहा हूं। अब भी मैं यह चाहता हूं कि इस सम्बन्ध में जितने कम्युनिटी प्रोजेक्ट्स जारी करने हैं, वह मेहरबानी करके अकेले महेन्द्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट में ही नहीं, बल्कि जितने हिन्दुस्तान के खुश्क इलाके हैं, उन में इन को जारी किया जाय और उन के साथ प्रिफरेंशो किया जाये, तभी आपका मामला हल होगा, वरना यह कम्युनिस्ट भाई आपकी तमाम कमजोरियों को देख रहे हैं और मैं चाहता हूं कि इन की निगाह इन की तरफ़ न पड़े क्योंकि नहीं तो उन के पंजे में वहां के रहने वाले फंस जायेंगे। अगर आपको अमनोअमान क़ायम करना है तो तमाम रुपया उस जगह लगाइये जहां लोग भूखे मरते हैं, जहां कमजोरी और दरिद्रता है।

इसके अलावा दो, एक छोटी २ बातें और हैं.....

Mr. Deputy-Speaker: Order, order.

श्री चिनारिया: दो मिनट मेहरबानी कर के मुझे और बोलने दें।

Mr. Deputy-Speaker: No, no; one minute more.

श्री चिनारिया: सिर्फ़ दो फ़िकरे कह कर मैं अपनी बात खत्म कर दूंगा।

Mr. Deputy-Speaker: All right.

श्री चिनारिया: मैं एक, दो इंडस्ट्रीज की तरफ़ कुछ आपकी तवज्जह दिलाना चाहता हूं कि हमारे यहां एक डालमिया सीमेंट फैक्टरी और एक शुगर फैक्टरी हमारी थी, वह शुगर फैक्टरी यू० पी० में भेजी जा रही है।

दूसरी तरफ़ डालमिया सीमेंट फैक्टरी का ऐसा गलत इन्तजाम चल रहा है कि पहले जो मैनेजिंग एजेंसी थी, तेरह साल में पांच लाख रुपया मैनेजिंग एजेंसीज से आया, जब इस में नफ़ा नहीं रहा तो तेरह साल के लिए पांच लाख और सिर्फ पांच साल के लिए उन्हों ने ६ लाख ले लिया। २२ लाख रुपया आपने दूसरी फ़र्म्स को क़र्जे पर दे दिया, हांलाकि डिबेंचर्स, प्रिफरेंशयल शेयर्स हैं और जो जिम्मेदारियां हैं वह उस रुपये से अदा कर सकते थे। यही नहीं, अपनी मैनेजिंग एजेंसी पांच साल के लिए खत्म कर के ६ लाख रुपया ले लिया और डाइरेक्टर अपने ही रक्खे। मैं कहता हूं कि इस तरह सारी जगह जो आज

[श्री चिनारिया]

काम होता है, तो मेरे ख्याल में जितनी जल्दी आप नेशनलाइजेशन ला सकें, लायें, वरना कम से कम मैनेजिंग एजेंसी को तो खत्म कर दें ताकि यह लूट जो हम डालमिया सीमेंट फ़क्टरी में देख रहे हैं, उस लूट को रोका जा सके और इस के लिए मैनेजिंग एजेंसी को खत्म किया जाना चाहिए।

इस के अलावा हिन्दी के मुताल्लिक़ कुछ नहीं हो रहा है ....

Mr. Deputy-Speaker: Order, order, please. I cannot allow the hon. Member to go on like this. Sardar Hukam Singh.

Sardar Hukam Singh (Kapurthala-Bhatinda): We have had just the pleasure of hearing our leader from PEPSU. I give him that credit. He has complained about certain things and discussed the Budget that was here for the first time. Certainly, it is a misfortune that this Union, that we have before us for discussion, previously consisted of some Sikh States. He has complained that there are Sikh servants there. But the circumstances have so happened that there were Sikh rulers and they could not be removed immediately. It was the covenant that all the officers and servants who were there previously should be retained; that was the promise. If he has that complaint, certainly, that has to be thrown overboard. Rather the pinch is on the other side. I express it. At any rate, since charge was taken over by the Adviser, many officers have been removed and not one Hindu has been removed. Not one servant appointed by the Congress Ministry when it was in charge was touched; but since this regime has come into power, they have singled out one after the other Sikh officers in responsible posts. In Education and other departments also, aged Sikh masters have been removed from charge and charge has been given to some non-Sikh lower qualified persons. Other instances are also there. I did not want to go into them, but this point has been touched upon by the previous Speaker, who claims to be a leader—and I acknowledge him to be so. My hon. friend also complained that the Hindi-Speaking areas had been neglected from the time PEPSU was formed. I would remind him that that was so most of the time the Congress remained in power and it was inspired by the Centre itself. But if he is complaining of the period 1952 when the Ministry was in power, he must remember that out of six Ministers, four Ministers came from Hindi speaking area. If he were to look into recruitment lists, he will find that a larger number of persons from that area were recruited in the services during that period, than persons from other areas. So his accusation is groundless and contrary to facts. The papers can be gone into very easily.

Then his complaint is that the Bhakra-Nangal project does not give his territory the water that he requires. That may be so. He says that his area was surveyed. Very good. If the surveys reveal that his areas are at a higher level, our engineers cannot make water go uphill. So that complaint should be directed against the engineers and, perhaps, against nature itself. So the complaint that water is not allowed to go into his fields is also without any real foundation.

Now I come to a review of the Budget that is now before us. This White Paper which gives a short survey of the things that have happened during the last year in PEPSU is dated 14th March, 1953. The Adviser went there on the 10th. Maybe he got it printed within those three days. But I presume that most of the things mentioned here, were perhaps formulated by the popular Ministry that was there. The survey that is incorporated in this White Paper presents nice and interesting reading. So far as the economic position is concerned, we find that this small and border State—as was observed by my hon. friend the previous speaker—has made remarkable progress. The White Paper says that the production of crops during 1952-53 has increased in all respects. In regard to food grains it is said that the figures compare favourably with an export of 37,000 tons. It is a surplus State and wheat to the tune of 59,000 tons was supplied to the neighbouring state of Delhi. In regard to prices it is said that prices were generally lower in 1952. It is said that cotton and sugar produced was much more this year than in the previous year, though there is some decline in prices that is expected to affect adversely the cotton production. Our Government should see to it and give proper care to see that this small tract does not suffer on that account.

The Patiala working class cost of living, the report says, has shown a steady downward trend. It is said that it has gone down by 30 points.

Though PEPSU is primarily an agricultural State, progress has been made in the field of industrialisation too. Then again it is said that the production of sugar was considerably higher in 1952 than in 1950-51. Production of cloth during 1952 was four times more than that of 1951. It will be seen from the above review that the year 1952-53 has witnessed a general improvement in the economic conditions in PEPSU. We are glad to find that this White Paper admits that during 1952, when the popular Ministry was in charge all round economic progress was achieved.

As I started by saying this is a border State. It has many problems. As was mentioned by the previous speaker, the Sikhs are in a majority and must be in a majority in the services too. We have to see whether we can recast the whole thing in the pattern of the other parts of India, whether we can rehash it and bring about changes slowly. It was said by about a new order or we should bring the hon. the Home Minister the other day in the course of the debates that democracy is new to India. Quite so. I agree with him there. There were no elections in the beginning and, therefore, there were no representative Legislatures. But it cannot be said that because there were no Legislatures, the States were badly run. I can say at least in regard to two or three States (Kapurthala and Faridkot) that the administration in them was much better than what it is today People admit it; masses know it. Even taking the Union of Patiala and East Punjab States, as a whole, as I have pointed out just now, remarkable progress has been made as could be done under the circumstances.

Then much has been said about the law and order position. Certain remarks made by my hon. friend Chinaria yesterday were not warranted at all. He referred to some abduction cases. He said that cattle were sold everywhere; but human beings were not sold. I may tell him that if he were to see and study the conditions in other States, perhaps he will not find things much better than what they are in PEPSU.

An Hon. Member: In which State?

Sardar Hukam Singh: I may tell my hon. friend of an incident which occurred in Agra. Agra has a population of more than three or four lakhs. My cousin's son was carried away from the second storey in the heart of the town and the dacoits wanted Rs. 40,000. My cousin took the Police Sub-Inspector with him. Rupees forty thousand worth of currency notes were signed by the Superintendent of Police and the Sub-Inspector delivered those notes to the dacoits. They have not been traced so far. We got our boy after paying them Rs. 40,000. That was what happened in the city of Agra. I approached Pantji and the Inspector-General of Police. Such instances can be cited in Saurashtra, Rajasthan, United Provinces and other places also. But if you are going to make one State the target of attack and carry on this propaganda, it is a different question. The newspapers might make it. But I say that all this is manoeuvred and engineered.

But you look to the circumstances. I do not mean to say that there has not been any improvement since the time the Adviser took over charge. It is but natural. If you make one man in charge of the State certainly there will be improvement. Dissolve this Parliament and this Ministry: give the administration over to Dr. Katju. Certainly a dictator will do much better. But would it be a better administration? Would you like it? Wherever a dictator is put in charge of any administration, there is bound to be improvement.

Shri Algu Rai Shastri: I would like to put you.

Sardar Hukam Singh: I know very well that I am not destined to be of that type.

If we were to compare the state of affairs as it was when the representative Government was in power, with what it is today when it is in the hands of one dictator, I admit—as I said at the very start—that there is some improvement: but not to the extent to which it is being propagated. I, therefore, refute and repudiate the improvement that has taken place in the position of law and order.

I have some figures with me which I quoted last time also. In February, 1952 there were 41 murders, in February, 1953 there were 21 Dacoities: they were ten in February, 1952; in February, 1953 they were five. Burglaries were 137 in February, 1952; there were 99 in February, 1953. Robberies: there were 35 during February, 1952; in February, 1953 there were only twelve.

An Hon: Member: Where does the hon. Member get these figures from?

Sardar Hukam Singh: From the records. Government can only repudiate or refute it by records. I have given figures. If it is any satisfaction to the hon. Member to know wherefrom I have got it, if he means I have stolen it he can proceed against me. But he

[Sardar Hukam Singh]

must listen to me and if they have no other figures, simply shouting "where-from have you got the figures?" will not do, that will not take their case any further. Simply asking where-from I have got them, is that an answer to my allegation and the figures I have placed before the House? Government is in possession of the figures. They have records. Let them come out if I am telling anything wrong. (*Interruption*). Now I must proceed, Sir, and I would request you to deduct the time of these interruptions.

Mr. Deputy-Speaker: There is no question of deducting. He himself chose to answer. He gave an illustration. It is open to some hon. Members now and then for the purpose of elucidation to put a question, not for interrupting. And it is open to the hon. Member on his legs who is in possession of the House to answer or not to answer. He may or may not give in. But if he chooses to give in I am not going to deduct that time. He answered and referred by way of illustration to Agra and so on. All that time cannot be deducted.

Sardar Hukam Singh: Would this be deducted, Sir?

Mr. Deputy-Speaker: Nothing will be deducted.

Shri K. K. Basu (Diamond Harbour): Let there be a flexible extension!

Sardar Hukam Singh: There is another thing. The time that the Adviser has taken over charge—he is a lucky man—is the harvesting season. The wheat is harvested, the *kharif* crop is not sown, the fields are open, and there is no hiding place. Therefore during these two or three months the incidence of crime is much lower than in other months. If credit is to be taken for that, I would advise the Government to compare it with the corresponding periods of other years and not gloat over the fact that crime has gone down in this period.

There is another additional reason. The Adviser must have been an honest man. He must have given instructions to the police stations that they should try to reduce these crimes as much as possible. But the police officials, out-Heroding Herod, whenever a case of dacoity comes they enter it as a case of robbery or theft and dacoity is not entered, because they feel that they will be able to give the impression that they have been able to reduce acts of dacoity. That also is a thing which I must ask Government to find out and enquire whether there has been an actual decline in crime or whether it is manoeuvred and engineered, I do not say by the Adviser himself but by others who want to show that they have done a great lot in this respect. We will be glad if it is really so. We will be prepared to give our co-operation to the Adviser. No man wants lawlessness. No man wants that there should be dacoities or robberies. I would be the first man to give him every help if he needs. If he can go on like that and reduce crimes, who would be happier than ourselves that he has done a good job? But that is not so. Let us not be complacent. The three gangs of robbers that were there are still at large. And I can cite recent instances where those dacoities have been committed, where those abductions have been committed, people have been carried away.

10 A.M.

And then an attempt has been made to represent it in a different manner. A charge was laid that the House that was dissolved only met for ten days.

The Minister of Finance (Shri C. D. Deshmukh): I am sorry to interrupt the hon. Member, but I would like to know the names of the dacoits that are at large.

Sardar Hukam Singh: I will give you that. But it is not now with me. I have got those papers but I cannot give you offhand.

Sir, you have said that you would not allow me extra time for these interruptions.

The Minister of Home Affairs and States (Dr. Katju): May I take it that my hon. friend is in contact with them?

